The voting rights of Members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on **Thursday, 10th September, 2026 ("Cut-off date").** A person, whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the Cut-off date shall only be entitled to join the AGM, avail the remote e-voting and e-voting facility during the AGM. **A person who ceases to be a member as on Cut-off date should treat this Notice for information purposes only.**

Any person, who acquires shares and becomes a Member of the Company after the date of electronic dispatch of the Notice of 63rd AGM and holding shares as on the Cut-off date, may do e-voting and participate at the AGM by following the instructions as mentioned in the Notice of 63rd AGM or by sending a request to **helpdesk.evoting@cdslindia.com**. However, if he/she is already registered with CDSL for remote e-voting, then he/she can use his/her existing User ID and password to cast his/her vote.

If you have not registered your e-mail address with the Company/DP, you may please follow the below instructions for obtaining login details for e-voting:

| | |
|---|---|
| **Physical Holding** | Please provide necessary details like Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), self-attested scanned copy of PAN card, self-attested scanned copy of Aadhar Card or any other document as proof of address to the email id of Company **(akmisra@mmtclimited.com)** or RTA **(admin@mcsregistrars.com)**. |
| **Demat Holding** | Please provide Demat account details (CDSL-16 digit beneficiary ID or NSDL-16 digit DPID + CLID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, self-attested scanned copy of Aadhar Card or any other document as proof of address to the email id of Company **(akmisra@mmtclimited.com)** or RTA **(admin@mcsregistrars.com)**. |

Further, pursuant to the provisions of Section 91 of the Act and Rules framed there under and Regulation 42 of SEBI (LODR) Regulations, the **Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Friday, 11th September, 2026 to Thursday, 17th September, 2026 (both days inclusive) for the purpose of 63rd AGM.**

The result of voting will be declared within 48 hours from the conclusion of AGM and results so declared along with the consolidated Scrutinizer's Report will be placed on the Company's website **(https://mmtclimited.com/)** and CDSL's website **(www.evotingindia.com)**.

If you have any queries or issues regarding attending AGM or e-Voting from the e-Voting System, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at **www.evotingindia.com**, or help section or write an e-mail to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager, (CDSL,) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East),Mumbai - 400013 or call toll free no. 1800 22 55 33.

For and on behalf of
**MMTC Limited**
Sd/-
(Ajay Kumar Misra)
Company Secretary

**Place: New Delhi**
**Date: 24.08.2026**

**BEFORE THE HON'BLE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL, NEW DELHI BENCH**
**COMPANY PETITION NO. (CAA) 51/ND OF 2026**

CONNECTED WITH

**COMPANY APPLICATION NO. (CAA) 62/ND OF 2025**

**IN THE MATTER OF SECTIONS 230 TO 232 AND OTHER APPLICABLE PROVISIONS OF THE COMPANIES ACT, 2013**

AND

**IN THE MATTER OF SCHEME OF AMALGAMATION AMONGST ALLCHECKDEALS INDIA PRIVATE LIMITED, AXILLY LABS PRIVATE LIMITED, DIPHDA INTERNET SERVICES LIMITED, ZWAYAM DIGITAL PRIVATE LIMITED WITH INFO EDGE (INDIA) LIMITED AND THEIR RESPECTIVE SHAREHOLDERS AND CREDITORS**

**Amongst**

**Allcheckdeals India Private Limited,**
CIN: U72400DL2008PTC181632
A company incorporated under the provisions of the Companies Act, 1956 and having its registered office at Ground Floor 12A, 94, Meghdoot Building, Nehru Place, New Delhi – 110019, India
Email Id: acdipl@infoedge.com

**------- Petitioner Company - 1/ Transferor Company 1**

AND

**Axilly Labs Private Limited,**
CIN: U72400DL2015PTC422156
A company incorporated under the provisions of the Companies Act, 2013 and having its registered office at Ground Floor 12A, 94, Meghdoot Building, Nehru Place, New Delhi – 110019, India
Email Id: axilly@naukri.com

**------- Petitioner Company - 2/ Transferor Company 2**

AND

**Diphda Internet Services Limited,**
CIN: U74999DL2018PLC335245
A company incorporated under the provisions of the Companies Act, 2013 and having its registered office at Ground Floor 12A, 94, Meghdoot Building, Nehru Place, New Delhi – 110019, India
Email Id: diphda@naukri.com

**------- Petitioner Company - 3/ Transferor Company 3**

AND

**Zwayam Digital Private Limited,**
CIN: U74910DL2015PTC427120
A company incorporated under the provisions of the Companies Act, 2013 and having its registered office at Ground Floor 12A, 94, Meghdoot Building, Nehru Place, New Delhi – 110019, India
Email Id: zwayam@naukri.com

**------- Petitioner Company - 4/ Transferor Company 4**

AND

**Info Edge (India) Limited,**
CIN: L74899DL1995PLC068021
A company incorporated under the provisions of the Companies Act, 1956 and having its registered office at Ground Floor 12A, 94, Meghdoot Building, Nehru Place, New Delhi – 110020, India
Email Id: investors@naukri.com

**------- Petitioner Company - 5/ Transferee Company 5**

The Petitioner Company 1 to 5 are hereinafter collectively referred to as the "Petitioner Companies"

**NOTICE OF HEARING OF JOINT COMPANY SCHEME PETITION**

The captioned joint Company Scheme Petition was presented on August 04, 2026, by the Petitioner Companies under Sections 230 to 232 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013 for seeking sanction of Scheme of Amalgamation amongst Allcheckdeals India Private Limited, Axilly Labs Private Limited, Diphda Internet Services Limited, Zwayam Digital Private Limited with Info Edge (India) Limited and their respective shareholders and creditors **("Scheme")**. The said joint Company Scheme Petition is fixed for hearing before the Hon'ble National Company Law Tribunal, New Delhi Bench on October 13, 2026.

Any person desirous of supporting or opposing the captioned joint Company Scheme Petition should send a notice of such intentions, signed by him/ her or his/ her Advocate, with his/ her full name and address to the Advocate of the Petitioner Companies not later than 2 (two) days before the date fixed for hearing of the said joint Company Scheme Petition. Where he/ she seeks to oppose the joint Company Scheme Petition, the grounds of opposition or a copy of his/ her affidavit shall be furnished with such notice. A copy of the joint Company Scheme Petition will be furnished by the undersigned to any person requiring the same upon payment of the prescribed charges for the same.

**Sd/-**
Mahesh Agarwal & Rajeev Agarwal
Advocate
Counsel for the Petitioner Companies
Mercantile House Ground Floor
15, K.G. Marg, New Delhi-110001
mail@aglaw.in

**Date: August 21, 2026**
**Place: New Delhi**

# निर्माण श्रमिकों को पेंशन देने के लिए ईपीएफओ कर सकता है सेस का उपयोग

**अहोना मुखर्जी**
नई दिल्ली, 23 अगस्त

**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भवन और अन्य निर्माण श्रमिक (बीओसीडब्ल्यू) सेस से जमा हुए अधिशेष धन का उपयोग करके निर्माण श्रमिकों को पेंशन देने की योजना पर विचार कर रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार प्रस्तावित ईपीएफओ 3.0 प्लेटफॉर्म के हिस्से के रूप में इस पर विचार चल रहा है।

ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक में हुई चर्चा के अनुसार प्रस्तावित योजना के तहत निर्माण श्रमिक के रूप में कम से कम 10 साल काम कर चुके श्रमिकों को पेंशन के लिए पात्र माना जा सकता है। योजना तैयार होने के बाद इसे सीबीटी के समक्ष विचार के लिए रखा जाएगा।

बीओसीडब्ल्यू सेस के तहत एकत्र किए गए धन के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करने की कवायद के तहत इस प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। इसका उपयोग कई वर्षों से चिंता का विषय रहा है। सेस निर्माण गतिविधि पर लगाया जाता है और प्राप्त राशि का प्रबंधन राज्य सरकारों द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लाभ के लिए कल्याण बोर्डों के माध्यम से किया जाता है।

सीबीटी में राज्यों के प्रतिनिधियों ने निर्माण श्रमिकों को पेंशन देने के लिए सेस के धन के उपयोग का समर्थन किया है। सीबीटी के उपाध्यक्ष ने बीओसीडब्ल्यू के धन के बेहतर उपयोग के लिए एक योजना तैयार करने को भी कहा है।

समाचार प्रकाशित होने को भेजे जाने तक ईपीएफओ और श्रम मंत्रालय ने इस सिलसिले में भेजे गए प्रश्नों का जवाब नहीं दिया।

निर्माण श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा के कवरेज का विस्तार करने के प्रयासों के बीच यह प्रस्ताव आया है। इन श्रमिकों का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में काम करता है और पारंपरिक रोजगार करने वाले श्रमिकों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर रह जाता है।

भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण सेस अधिनियम, 1996 के तहत बीओसीडब्ल्यू सेस लगाया गया था। राज्य सरकारें कंस्ट्रक्शन कंपनियों से सेस वसूलती हैं और पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए कल्याणकारी




**भवन और अन्य निर्माण श्रमिक सेस का बगैर इस्तेमाल किए गए धन को श्रमिक कल्याण में लगाने की योजना पर हो रहा है विचार**

योजनाओं में इससे प्राप्त धनराशि का इस्तेमाल किया जाता है। इन योजनाओं में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा, आवास, मातृत्व लाभ और पेंशन के लिए वित्तीय सहायता शामिल हो सकती है, जो राज्यों की योजना पर निर्भर है।

बहरहाल इस मद में आए धन का बड़ा हिस्सा राज्य कल्याण बोर्डों के पास बगैर किसी इस्तेमाल के पड़ा रहता है और लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाता है। इसे लेकर समय समय पर सवाल उठते रहे हैं।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भवन और अन्य निर्माण श्रमिक (बीओसीडब्ल्यू) कल्याण बोर्डों के साथ 30 जून, 2024 तक लगभग 5.7 करोड़ श्रमिक पंजीकृत थे।

राज्य सभा में जुलाई 2024 में श्रम मंत्रालय द्वारा दिए गए जबाव के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक बीओसीडब्ल्यू कल्याण बोर्डों ने सेस में 1.12 लाख करोड़ रुपये एकत्र किए थे और 641.9 अरब रुपये खर्च किए थे। इसका मतलब है कि कुल व्यय एकत्र किए गए सेस का लगभग 57 प्रतिशत था। बोर्डों ने बताया कि उनके पास 659.7 अरब रुपये बगैर इस्तेमाल के पड़े हुए हैं, जिनमें इस धनराशि पर बैंक से मिला ब्याज और अन्य प्राप्तियां भी शामिल हैं। ईपीएफओ के पास विचाराधीन प्रस्ताव के तहत कम से कम 10 साल तक काम कर चुके श्रमिकों को अधिशेष बीओसीडब्ल्यू धन से पेंशन के लिए पात्र माना जा सकता है।इस प्रस्ताव में ईपीएफओ और राज्य सरकारों के बीच तालमेल पर भी सवाल उठते हैं, क्योंकि बीओसीडब्ल्यू के धन का प्रबंधन राज्य स्तर पर किया जाता है। इसलिए किसी भी राष्ट्रव्यापी पेंशन व्यवस्था के लिए राज्यों को अपने संचित धन के उपयोग और पात्र निर्माण श्रमिकों की पहचान के तंत्र पर सहमत होने की आवश्यकता होगी।

यह पेंशन प्रस्ताव व्यापक ईपीएफओ 3.0 पहल का हिस्सा है, जिसके तहत सेवानिवृत्ति निधि निकाय अपने प्रौद्योगिकी मंच को आधुनिक बनाने और सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच का विस्तार करने का प्रयास कर रहा है। प्रस्तावित मंच में श्रमिकों की उन श्रेणियों को भी शामिल किए जाने की उम्मीद है, जो पारंपरिक औपचारिक कार्यबल से बाहर हैं।

सीबीटी ने निर्माण श्रमिकों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) कवरेज का विस्तार करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया, जिसमें उनके ईएसआईसी योगदान को बीओसीडब्ल्यू फंड से भुगतान करने की संभावना है। इससे श्रमिकों को पेंशन कवरेज के अलावा चिकित्सा और अन्य सामाजिक-सुरक्षा लाभों तक पहुंच मिल सकती है।


**दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड**

**सीआईएन: L45201MP2006PLC018689**

**पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट संख्या 5, कोलार रोड, गोविंद नारायण सिंह गेट के अंदर, चूना भट्टी, भोपाल, मध्य प्रदेश, 462016**

**फोन नं.: 0755-4029999; फैक्स नं.: 0755-4029998**

**वेबसाइट: www.dilipbuildcon.com; ईमेल आईडी: db@dilipbuildcon.co.in**

**शेयरधारकों के लिए सूचना**
**(कंपनी के इक्विटी शेयरों का विनिधानकर्ता शिक्षा एवं संरक्षण निधि में स्थानांतरण)**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 124(6) और विनिधानकर्ता शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखासंपरीक्षा, अंतरण एवं प्रतिदाय) नियम, 2016 ('नियम') के अनुसार, वे सभी शेयर जिनके संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय से लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, कंपनी द्वारा विनिधानकर्ता शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफ) को अंतरित कर दिए जाएँगे।

कंपनी ने संबंधित शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर व्यक्तिगत सूचना भेजी है, जिनके शेयर वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित आईईपीएफ में अंतरित किए जाने योग्य हैं। अंतरण के लिए देय शेयरों की संख्या सहित शेयरधारकों का पूरा विवरण कंपनी की वेबसाइट **www.dilipbuildcon.com** पर भी उपलब्ध है।

शेयरधारक यह भी ध्यान रखें कि डीमैट रूप में धारित शेयरों के लिए, संबंधित डीमैट खाते से राशि डेबिट की जाएगी और ऐसे शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरित कर दिए जाएँगे।

संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2024-25 तक के अप्रदत्त लाभांश का दावा 23 अक्टूबर, 2026 तक करें। जिसमें विफल रहने पर, कंपनी नियमों के अनुसार, बिना किसी और सूचना के, संबंधित शेयरों को आईईपीएफ में अंतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। सभी संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट मेसर्स एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को आवेदन करें।

यदि 23 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले शेयरधारकों से अदावाकृत लाभांश के संबंध में कोई वैध दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी बिना किसी और सूचना के नियमों के अनुसार दावा न किए गए लाभांश से संबंधित शेयरों को 'आईईपीएफ' के डीमैट खाते में अंतरित कर देगी। कृपया ध्यान दें कि आईईपीएफ प्राधिकरण को अंतरित अदावाकृत लाभांश और इक्विटी शेयरों के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई दावा उत्तरदायी नहीं होगा। हालाँकि, नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आईईपीएफ प्राधिकरण से शेयरों और लाभांश का वापस दावा किया जा सकता है।

उपरोक्त मामले पर किसी भी प्रश्न के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट **मेसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पता: सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई** - 400 083, **संपर्क सूत्र:** +91 8108116767 ई-मेल: **investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com** से संपर्क करें या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

**दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**अभिषेक श्रीवास्तव**
**कंपनी सचिव**

**दिनांक: 22-08-2026**
**स्थान: भोपाल**


# कनाडा से वार्ता को मिलेगी गति

**असित रंजन मिश्र**
नई दिल्ली, 23 अगस्त

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका पर नई व्यापार संधि संपन्न करने की कनाडा की क्षमता सीमित करने का आरोप लगाया है। इसकी वजह से उत्तरी अमेरिका के इन दो पड़ोसियों के बीच व्यापार वार्ता टूट गई है। इसके बाद अब भारत और कनाडा के बीच व्यापार वार्ता ने एक नया रणनीतिक आयाम ले लिया है।

इस घटनाक्रम की वजह से भारत को समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत में नई बढ़त मिल सकती है, क्योंकि सबसे बड़े कारोबारी भागीदार अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में तेज गिरावट के बाद कनाडा नए बाजार खोलने की कवायद कर रहा है।

कार्नी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'अमेरिका ने अंतिम समय में हमारी अन्य व्यापारिक सौदे करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने का प्रयास किया। यह अस्वीकार्य है। कनाडाई कारोबार को अब डेढ़ अरब उपभोक्ताओं तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त है। अगले छह महीनों में हम आसियान से लेकर भारत तक नए व्यापार समझौतों के माध्यम से इस आंकड़े को दोगुना कर देंगे।'



## भारत के लिए मौका

- कनाडा-अमेरिका व्यापारिक संबंधों में खटास से भारत को सीईपीए वार्ताओं में मिल सकती है बढ़त
- कनाडा के सबसे बड़े साझेदार अमेरिका से व्यापारिक रिश्ता टूटा, अमेरिका ने लगाया 50% शुल्क
- कनाडा को अपना माल बेचने के लिए नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश, भारत के लिए रिश्ते बढ़ाने का अच्छा मौका

नीति आयोग के सदस्य रह चुके अर्थशास्त्री अरविंद विरमानी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'हमें भारत-कनाडा सीईपीए पर हस्ताक्षर और कार्यान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता है। हमारे पास बर्बाद करने के लिए वक्त नहीं है!'

शनिवार को बातचीत विफल होने के बाद अमेरिका ने 20 अरब डॉलर के कनाडा के वस्तु आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। वहीं कनाडा ने भी कसम खाई है कि वह डॉलर के बदले डॉलर में 8 सितंबर से जवाबी शुल्क लगाएगा।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कनाडा का अनुभव भारत के लिए एक चेतावनी है, जो अमेरिका के साथ भी व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत को कृषि, डिजिटल विनियमन, महत्त्वपूर्ण खनिजों या सरकारी खरीद पर प्रतिबद्धताएं करने से पहले स्पष्ट, बाध्यकारी और टिकाऊ शुल्क रियायतों की मांग करनी चाहिए। एक ऐसा समझौता, जिसमें कुछ अमेरिकी शुल्क कम हों और अमेरिका को धारा 232, 301 या अन्य घरेलू कानूनों के तहत नए शुल्क लगाने की स्वतंत्रता हो, वह बहुत कम निश्चितता प्रदान करेगा। भारत को अपनी नियामक और रणनीतिक स्वायत्तता की रक्षा करनी चाहिए और केवल वहीं रियायत देनी चाहिए जहां लाभ संतुलित, लागू करने योग्य और भविष्य की एकतरफा शुल्क कार्रवाई से सुरक्षित हों।' दो साल से अधिक समय तक उथल-पुथल भरे संबंधों के बाद भारत और कनाडा ने इस साल मार्च में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए बातचीत फिर से शुरू की है। इसका लक्ष्य दोनों देशों में व्यापार वर्तमान 8 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 50 अरब डॉलर करना है।

भारत से कनाडा को होने वाले प्रमुख निर्यात में अन्य वस्तुओं के अलावा ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स, लोहा और इस्पात, समुद्री खाद्य, सूती वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। कनाडा से भारत आने वाली वस्तुओं में दालें, मोती और रत्न, कोयला, उर्वरक, कागज और पेट्रोलियम शामिल हैं।

# आईएएस अधिकारी गंगवार के परिसरों पर ईडी के छापे

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) द्वारा आयोजित एक परीक्षा में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत रविवार को आईएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार के बेंगलूरु और उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित परिसरों पर छापेमारी की। हालांकि, यह तत्काल पता नहीं चल सका कि केंद्रीय जांच एजेंसी को अधिकारी इन परिसरों में मिले या नहीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को कुछ घंटों के लिए गंगवार के "लापता" होने की खबर सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। बाद में कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने इन खबरों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि गंगवार अपने पिता की तबीयत से जुड़ी पारिवारिक आपात स्थिति के कारण उत्तर प्रदेश स्थित अपने पैतृक स्थान पर थे।

गंगवार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2016 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में कर्नाटक के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशक के पद पर तैनात हैं। वह इससे पहले केपीएससी में परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे और इस साल मार्च में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। *भाषा*


**एमएमटीसी लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: सीअयस्क #1, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टिट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003.
फ़ोनई नं: 24362200; 2436189 ईमेल:mmtc@mmtclimited.com, akmisra@mmtclimited.com
वेबसाइटते:www.mmtclimited.com सीआईएन:L51909DL1963GOI004033

**63वीं वार्षिक आम बैठक के सदस्यों को नोटिस, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग की जानकारी**

**कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन में** ["सेबी (एलओडीआर) विनियम"], कॉर्पोरेट अफेयर्स द्वारा जारी संबंधित जनरल परिपत्र (जिन्हें सामूहिक रूप से "MCA परिपत्र" कहा जाता है) और सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं द्वारा जारी परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी की 63वीं एनुअल जनरल मीटिंग ("AGM") **गुरुवार, 17 सितंबर, 2026 को सुबह 11:00 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC")/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("OAVM") की सुविधा के ज़रिए आयोजित की जाएगी। इसमें सदस्यों की किसी एक जगह पर शारीरिक उपस्थिति नहीं होगी और 63वीं AGM के नोटिस में बताई गई कार्य सूची पूरी की जाएँगी।

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की 63वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट जिसमें निदेशकों की रिपोर्ट, एमडीए रिपोर्ट, कॉर्पोरेट प्रशासन रिपोर्ट, वैधानिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों के साथ-साथ प्रबंधन का जवाब, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां, बैलेंस शीट और पी एंड एल खाता (स्टैंडअलोन और समेकित दोनों), अन्य विवरण/सूचना आदि के साथ-साथ ई-वोटिंग सहित वीसी/ओएवीएम (VC/OAVM) सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिए लॉगिन विवरण शामिल हैं, उन सभी सदस्यों को सूचना ई-मेल के माध्यम से भेज दिया जाएगा जिनके ई-मेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ("डीपी") के साथ उपरोक्त एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के अनुसार पंजीकृत हैं, और यह अन्य विवरणों के साथ कंपनी की वेबसाइट (**https://mmtclimited.com/**), स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटें (**www.bseindia.com** और **www.nseindia.com**) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट (**www.evotingindia.com**) पर भी उपलब्ध है। जिन सदस्यों की ईमेल आई डी पंजीकृत नहीं है उन्हे नोटिस डाक द्वारा भेजी जा रहा है।

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014, सेबी (एलओडीआर) विनियमन के विनियम 44, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक-2 और एमसीए परिपत्रों के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुपालन में, सदस्यों को 63वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर सीडीएसएल द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई-वोटिंग (एजीएम से पहले) और ई-वोटिंग (एजीएम के दौरान) सेवाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है।

**रिमोट ई-वोटिंग सोमवार, 14 सितंबर 2026 (सुबह 09:00 बजे) से शुरू होगी और बुधवार, 16 सितंबर, 2026 (शाम 05:00 बजे)** को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद, सीडीएसएल द्वारा वोटिंग के लिए रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला होगा, वे वीसी/ओएवीएम (VC/OAVM) सुविधा के माध्यम से भी एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से दोबारा अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। एक बार जब सदस्य किसी प्रस्ताव पर वोट दे देता है, तो सदस्य को बाद में उसमें बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। रिमोट ई-वोटिंग, एजीएम में शामिल होने और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश 63वीं एजीएम की सूचना में दिए गए हैं।

**मेसर्स ए०के० एंड एसोसिएट्स-कंपनी सेक्रेटरीज, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव (एफसीएस नंबर: एफ 9216, सीओपी नंबर: 10296), को कंपनी की सम्पूर्ण ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जांच करने हेतु स्क्रूटिनाइज़र के रूप में नियुक्त किया गया है।**

सदस्यों के मतदान अधिकार **गुरुवार,10 सितंबर, 2026 ("कट-ऑफ तिथि")** को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा रखे गए इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे। एक व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि पर सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही एजीएम में शामिल होने, रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा। **एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं रह जाता है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए।**

कोई भी व्यक्ति, जो 63वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना के इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण की तिथि के बाद शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है और शेयर धारण करता है कट-ऑफ तिथि तक, 63वीं एजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन करके या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर अनुरोध भेजकर ई-वोटिंग कर सकते हैं और एजीएम में भाग ले सकते हैं। हालाँकि, यदि वह रिमोट ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से ही पंजीकृत है, तो वह वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।

यदि आपने कंपनी/डीपी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, तो आप ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण प्राप्त करने हेतु कृपया नीचे दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| **भौतिक होल्डिंग** | कृपया कंपनी के ईमेल आईडी पर पते के प्रमाण के रूप में आवश्यक विवरण जैसे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (सामने और पीछे), पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की गई प्रति, आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की गई प्रति या कोई अन्य दस्तावेज **(akmsira@mmtclimited.com)** या आरटीए **(admin@mcsregistrars.com)** पर प्रदान करें। |
| डीमैट होल्डिंग | कृपया कंपनी की ईमेल आईडी पर पते के प्रमाण के रूप में डीमैट खाते का विवरण (सीडीएसएल-16 अंकों की लाभार्थी आईडी या एनएसडीएल-16 अंकों की डीपीआईडी + सीएलआईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की गई प्रति या कोई अन्य दस्तावेज **(akmsira@mmtclimited.com)** या आरटीए **(admin@mcsregistrars.com)** पर प्रदान करें। |

इसके अलावा, अधिनियम की धारा 91 और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (एलओडीआर) विनियमनों के विनियम 42 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण पुस्तकें 63वीं एजीएम के उद्देश्य से **शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026 से गुरुवार 17 सितंबर, 2026** तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगी।

मतदान का परिणाम एजीएम के समापन से 48 घंटे के भीतर घोषित किया जाएगा और घोषित परिणाम समेकित संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट (**https://mmtclimited.com/**) और सीडीएसएल की वेबसाइट (**www.evotingindia.com**) पर डाल दिया जाएगा.

यदि आपके पास एजीएम में भाग लेने या ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") **www.evotingindia.com**, पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं या सहायता अनुभाग पर जाएँ या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** को ई-मेल लिखें या श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, (सीडीएसएल,) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को लिखें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल किया जा सकता है।

**एमएमटीसी लिमिटेड के पक्ष में**
**हस्ताक्षरित**
**(अजय कुमार मिश्रा)**
**कंपनी सचिव**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 24.08.2026**


# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा, लेकिन रुपये को मजबूती नहीं

**अंजलि कुमारी**
मुंबई, 23 अगस्त

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रियायती स्वैप योजनाओं के माध्यम से आई विदेशी मुद्रा का रुपये पर बहुत कम असर पड़ा है। बाजार प्रतिभागियों ने कहा कि विदेश से आया डॉलर मुख्य रूप से हाजिर बाजार में आने के बजाय केंद्रीय बैंक के भंडार में जमा हो गया है।

जब 8 जून को यह योजना शुरू की गई थी, तब रुपया 95.71 प्रति डॉलर पर था और 21 अगस्त को भी इसी स्तर पर बंद हुआ।

इसी तरह की रियायती स्वैप योजना 2013 में लाई गई थी, उस समय रुपया 8.8 प्रतिशत मजबूत हुआ था।

एक प्राइवेट बैंक के ट्रेजरी प्रमुख ने कहा, 'इस बार आने वाले डॉलर सिस्टम में जारी नहीं किए जा रहे हैं, जबकि 2013 में सिस्टम में डॉलर आए थे। रुपया अभी भी वैश्विक संकेतों के मुताबिक चल रहा है। डॉलर की आवक का बहुत कम या कुछ भी असर नहीं हुआ है क्योंकि इसके लिए डॉलर का बाजार में आना जरूरी है। सिस्टम में डॉलर की मात्रा उतनी ही बनी हुई है।'

इस स्वैप सुविधा के तहत बैंक एफसीएनआर-बी जमा के माध्यम से जो डॉलर जुटाते हैं, उसे रिजर्व बैंक के पास जमा कर रुपये ले लेते हैं। इससे बैंकिंग व्यवस्था में रुपये के हिसाब से नकदी बढ़ी है, जबकि विदेशी मुद्रा रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में जुड़ गई है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक रिजर्व बैंक की विशेष डॉलर-रुपये फॉरेक्स स्वैप सुविधा के तहत 21 अगस्त क कुल 72.85 अरब डॉलर आए हैं। इसमें से एफसीएनआर-बी जमा का हिस्सा 65.40 अरब डॉलर (कुल आवक का लगभग 90 प्रतिशत) था, जबकि ऑफशोर फॉरेन करेंसी बॉन्ड (ओएफसीबी) और बाह्य



**हाजिर बाजार में डॉलर न आने से रुपया चला अपनी चाल**

वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के माध्यम से क्रमशः 4.86 अरब डॉलर और 2.59 अरब डॉलर आए हैं।

इस आवक से हाजिर बाजार में डॉलर की आपूर्ति स्वतः नहीं बढ़ी। बाजार में विदेशी मुद्रा तभी आ सकती थी, जब रिजर्व बैंक ने हाजिर बाजार में हस्तक्षेप कर क्रमिक रूप से डॉलर जारी किया होता या अपना फॉरवर्ड पोजीशन घटाया होता।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'अगर रिजर्व बैंक अपने फॉरवर्ड पोजिशन को घटाए या हाजिर बाजार में हस्तक्षेप कर व्यवस्था में डॉलर डाले, तभी बाजार में डॉलर आता है। ऐसा नहीं करने के कारण बाजार पूर्ववत व्यवहार कर रहा है और वह यथास्थिति या अन्य वैश्विक कारकों के मुताबिक मुद्रा बाजार को प्रभावित कर रहा है।'

हाल के सप्ताहों में बने भंडार से पता चलता है कि डॉलर की जो भी आवक हुई है, वह रिजर्व बैंक के पास जमा हो गया है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 9.9 अरब डॉलर बढ़कर 716.91 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। जून के अंतिम सप्ताह की तुलना में इसमें करीब 50 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। विदेशी मुद्रा संपत्तियों में लगातार 7 सप्ताह तक बढ़ोतरी हुई है। जून के अंतिम सप्ताह के 541 अरब डॉलर से यह 2 महीने से के कम समय में 41 अरब डॉलर बढ़ी है।

एफसीएनआर-बी स्वैप विंडो 31 अगस्त को बंद हो जाएगी। यह पहले निर्धारित बंदी तिथि 30 सितंबर की तुलना में अब एक महीना कम है। ईसीबी और ओएफसीबीएस के लिए स्वैप विंडो दिसंबर के अंत तक खुली रहेगी।

रिजर्व बैंक ने कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त बना हुआ है। 31 जुलाई को कुल भंडार 692.9 अरब डॉलर रहा, जिससे 10 महीने से अधिक का आयात किया जा सकता है और यह 90.8 प्रतिशत बाहरी ऋण कवर के बराबर है। उसके बाद से स्थिति और मजबूत हुई है।

विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड पर पहुंच गया था। उसके बाद भंडार में गिरावट आई, क्योंकि रुपये की बहुत ज्यादा स्थिरता को रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने समय समय पर डॉलर की बिकवाली थी।

# पर्यटन व निवेश के जरिये जापान से बढ़ रहा संबंध

**वीरेंद्र रावत**
लखनऊ, 23 अगस्त

**उत्तर** प्रदेश ने जापान के यामानाशी प्रांत के 200 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के सामने अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन क्षमता को पेश किया है।

प्रतिनिधिमंडल की पांच दिवसीय यात्रा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और जापान के बीच निवेश तथा कारोबारी संबंधों को मजबूत करना भी है। प्रतिनिधिमंडल पर्यटन, विनिर्माण, हरित हाइड्रोजन, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर तलाश रहा है। यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी और उपराज्यपाल जुनिची इशिदेरा के नेतृत्व में निवेशकों और कारोबारी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में शुरुआती कार्यक्रम के बाद आगरा, लखनऊ, ग्रेटर नोएडा और वाराणसी का दौरा कर रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ताजमहल का दौरा किया। इस दौरान गलगोटिया विश्वविद्यालय के साथ 2 समझौते भी हुए।

## बीएस सूडोकू 5674

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | | |
| 4 | 9 | | | | 1 | | | 8 |
| | | | | | 7 | | | 3 |
| | | 3 | | | | 1 | | 5 |
| 9 | | | | | 8 | | 7 | |
| | | 8 | 2 | | | 4 | | |
| | | | 6 | | | | 9 | 7 |
| | | | | 9 | | | 2 | |
| 8 | | | | | 5 | 6 | | |

## परिणाम संख्या 5673

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 2 | 1 | 6 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 4 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 |
| 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 3 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 7 |

**कैसे खेलें?**
हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

**आसान**
★★☆☆☆

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।